

दूधिया रोशनी में नहाया स्टेडियम

शाह ने आगे लिखा, यूनाटेड अरब अमीरात साल के सबसे बहुप्रीतिक्षित टूर्न में आईपीएल 2020 के आयोजन के लिए तैयार है। दुनिया तैयार है, और हम भी।

## दूधिया रोशनी में नहाए अबू धाबी और दुबई के मैदान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने अबू धाबी और दुबई के मैदानों की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने ट्वीट किया, तीन दिन बाकी! दुबई और अबू धाबी के स्टेडियम की क्या शानदार तस्वीरें हैं।

**तीन स्टेडियमों में होंगे मुकाबले**

बीसीसीआई ने अभी आईपीएल के लीग स्टेज के 56 मैचों के शेड्यूल का ही ऐलान किया है। इसमें से दुबई में सबसे ज्यादा 24 दुबई में, 20 अबू धाबी में और 12 मुकाबले शारजाह में खेले जाएंगे।

**बाद में होगी प्लेअहफ के मैचों के स्टेडियम का ऐलान**

प्लेऑफ मैचों की तारीख और मैदानों की घोषणा बाद में की जाएगी। इसके अलावा फाइनल के लिए मैदान का ऐलान भी बोर्ड बाद में करेगा। फाइनल मुकाबला 10 नवंबर को खेला जाएगा।

# धोनी को मैदान पर वापसी करते देखना देगा खुशी

**क्रिकेट**

- सीजन का पहला मैच मुंबई इंडियंस और चेन्नै के बीच होगा
- आईपीएल का आयोजन भारत से बाहर यूएई में करवाया जा रहा है

## इस साल का आईपीएल कुछ ज्यादा खास इसकी एक बड़ी धोनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वीरेंदर सहवाग को लगता है कि इस साल का आईपीएल कुछ ज्यादा खास होगा। सहवाग का मानना है कि इसकी एक बड़ी वजह महेंद्र सिंह धोनी की मैदान पर वापसी भी है। सहवाग ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद धोनी पहली बार मैदान पर उतरेंगे। यह इस आईपीएल को कुछ खास बनाता है। धोनी ने पिछले साल जुलाई में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेला था।

धोनी चेन्नै सुपर किंग्स के लिए 19 सितंबर से शुरू होने वाले आईपीएल के 13वें सीजन में नजर आएंगे। इस सीजन का पहला मैच मुंबई इंडियंस और चेन्नै के बीच होगा। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के चलते इस साल के आईपीएल का आयोजन भारत से बाहर यूएई में करवाया जा रहा है।



पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि हम सबके– दर्शकों और खिलाड़ियों– लिए यह टूर्नामेंट बेहद खास होगा। धोनी को दोबारा पिच पर देखना बेशक एक खुशी की बात होगी। बहुत कुछ होगा, क्या मुझे कुछ और कहने की जरूरत है? धोनी ने 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। वह चेन्नै सुपर किंग्स के लिए मैदान पर नजर आएंगे।

सहवाग ने कहा कि क्रिकेट भारतीयों के जीवन का अहम हिस्सा है और फैंस ने खेल की वापसी के लिए लंबा इंतजार किया है। सहवाग ने कहा, मैंने लॉकडाउन में अपना काफी समय पुराने मैच देखते हुए गुजारा है। इस दौरान मैंने उन मैचों का आकलन किया है। इसमें मेरी पारियां भी शामिल थीं। क्रिकेट हमारे DNA का हिस्सा है। हमने सांस रोककर इसकी वापसी का इंतजार किया है।'

# अब शारीरिक और मानसिक रूप से बिल्कुल फिट है हार्दिक पंड्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अबु धाबी। चोट से उबरकर लंबे समय बाद वापसी कर रहे मुंबई इंडियंस के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा कि इससे उन्हें और मेहनत करने की प्रेरणा मिली और शारीरिक तथा मानसिक रूप से वह पूरी तरह से फिट हैं। मुंबई इंडियंस का सामना इंडियन प्रीमियर लीग–13 के पहले मैच में 19 सितंबर को तीन बार की चैंपियन चेन्नै सुपर किंग्स से होगा।

ऐसे में पंड्या का फॉर्म में होना काफी अहम साबित होगा। पंड्या ने मुंबई इंडियंस के ट्विटर हैंडल पर पोस्ट एक वीडियो में कहा, 'जिस तरह से मैं गेंद का सामना कर रहा हूं और मानसिक तथा शारीरिक रूप से लय में हूं, मुझे मैदान पर जाकर स्वाभाविक खेल दिखाने में दिक्कत नहीं होगी।' उन्होंने कहा, 'मैं खेल से कितना ही दूर क्यों ना रहूं, कितने ही समय बाहर क्यो ना रहूं लेकिन वापसी करने पर उपयोगिता होनी चाहिए। मैंने काफी तैयारी की है और आने वाला समय अच्छा ही होगा।' पिछले साल नवंबर में लंदन में पंड्या की पीठ की सर्जरी हुई थी। उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम में चुना गया लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण सीरीज ही रद्द हो गई।



हाल में एक बेटे के पिता बने पंड्या ने कहा, 'मुझे आईपीएल खेलने में बहुत मजा आता है। मैं मजबूती से वापसी करना चाहता हूं।' उन्होंने कहा कि चोट खिलाड़ी के जीवन का हिस्सा हैं और बेहतर करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा, 'मैने अपने जीवन में एक सबक लिया है कि चोट तो लगती रहेंगी। कोई चोटिल होना नहीं चाहता लेकिन ये खिलाड़ी के जीवन का हिस्सा हैं। इससे मुझे और मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है।'

## डीन जोंस बोले, रैना की अनुपस्थिति सीएसके के लिए बड़ी चिंता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डीन जोंस मानते हैं कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सुरेश रैना की अनुपस्थिति तीन बार की चैंपियन चेन्नै सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए बड़ी चिंता का विषय होगा। सीएसके टीम आईपीएल–13 में अपने अभियान की शुरुआत 19 सितंबर को गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ करेगी। रैना और सीनियर स्पिनर हरभजन सिंह दोनों ने व्यक्तिगत कारणों से आईपीएल से हटने का फैसला किया। जोंस ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, 'रैना की अनुपस्थिति इस बार उनके लिए बड़ा चिंता का विषय होगा और वह आईपीएल में रन जुटाने के मामले में टॉप–5 में शामिल हैं। वह बाएं हाथ के खिलाड़ी हैं और स्पिन को बखूबी खेलते हैं। सीएसके के लिए सबसे बड़ी कमजोरी होगी कि उनके ज्यादातर खिलाड़ी दाएं हाथ से खेलने वाले हैं।' जोंस को लगता है कि टीम को बाएं हाथ के बल्लेबाज रैना की तरह का खिलाड़ी लाने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, 'उन्हें कुछ बाएं हाथ से खिलाड़ियों की जरूरत होगी वर्ना वे कुछ मुश्किल में फंस सकते हैं। विशेषकर अगर वे लेग स्पिनर को खेलेंगे क्योंकि गेंद दूर जाएगी।

## न्यूज डायरी



### यूएई में क्वारंटीन में किंग्स इलेवन पंजाब की मालकिन ऐक्ट्रेस प्रीति जिंटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। किंग्स इलेवन पंजाब की सह–मालकिन और बॉलिवुड ऐक्ट्रेस प्रीति जिंटा यूएई में क्वारंटीन हैं। उन्हें अपनी आईपीएल टीम से जुड़ने से पहले निर्धारित समय तक आइसोलेशन में रहना होगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। अपने पहले खिताब की तलाश में जुटी किंग्स इलेवन पंजाब टीम की सह–मालकिन और बॉलिवुड ऐक्ट्रेस प्रीति जिंटा यूएई में क्वारंटीन में हैं। उन्हें अपनी आईपीएल टीम से जुड़ने से पहले निर्धारित समय तक आइसोलेशन में रहना होगा। भारत में लगातार बढ़ते कोरोना वायरस मामलों को देखते हुए आईपीएल का अगला सीजन यूएई की मेजबानी में खेला जाएगा। पहला मैच 19 सितंबर को गत चैंपियन मुंबई इंडियंस और तीन बार की विजेता टीम चेन्नै सुपर किंग्स के बीच होगा।

### श्रेयस अय्यर बोले, मेरी किसी के साथ बात करने में लहजा नहीं बदलता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर आईपीएल के आगामी सीजन में दिल्ली कैपिटल्स की अगुआई करेंगे और टीम के सीनियर खिलाड़ियों को भी निर्देश देते नजर आएंगे। दिल्ली कैपिटल्स में शिखर धवन, अजिंक्य रहाणे और रविचंद्रन अश्विन जैसे सीनियर भारतीय खिलाड़ी भी मौजूद हैं। श्रेयस ने कहा, आप सभी जानते हैं, वे महान टीम इंडिया के सदस्य हैं। उन्हें किसी बात की शिकायत नहीं है। वे मेरे फैसलों के खिलाफ कभी नहीं जाते क्योंकि वे जानते हैं कि मैं एक युवा कप्तान हूं और मेरा उस समय समर्थन करना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, श्सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव मेरे लिए वास्तव में मायने रखता है क्योंकि मैं उनके पास जा सकता हूं और उनसे सलाह और राय मांग सकता हूं। मैं टीम में किसी को नहीं आंकता और एक ही तरह से सीनियर्स और जूनियर्स से बात करता हूं। मैं अपना लहजा नहीं बदलता। मेरा सम्मान टीम में सभी के लिए बराबर है।

### इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच कब और कहां देखें तीसरा वनडे इंटरनैशनल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज 1–1 से बराबर है। ऑस्ट्रेलिया ने पहला मैच जीतकर सीरीज में बढ़त बनाई थी लेकिन दूसरे मैच में उसका मिडल ऑर्डर बुरी तरह से लड़खड़ा गया जिसका खमियाजा उसे भुगतना पड़ा। अब मैनचेस्टर में दोनों टीमें सीरीज के निर्णायक मुकाबले के लिए भिड़ेंगी। ऑस्ट्रेलिया को बीते दो मैचों में स्टीव स्मिथ की गैरमौजूदगी से काफी नुकसान हुआ था। स्मिथ के इस मैच में खेलने की प्रबल संभावना है। स्मिथ के आने से लचर नजर आ रहे ऑस्ट्रेलियाई मिडल ऑर्डर को सहारा मिलेगा। कंगारू टीम को दूसरे मैच में सिर्फ 232 रनों का लक्ष्य मिला था लेकिन टीम सिर्फ 207 रन पर सिमट गई थी। इंग्लैंड का मनोबल दूसरे मैच में जीत से बढ़ा होगा। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 144 रन था और वह आसानी से जीत की ओर बढ़ती हुई नजर आ रहा था लेकिन इसके बाद विकेट गिरने का सिलसिला ऐसा शुरू हुआ कि स्कोर 9 विकेट पर 176 रन हो गया।

### रवि किशन ने अच्छा मुद्दा उठाया, लेकिन जया बच्चन को थाली की चिंताः बबीता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिग्गज महिला रेसलर बबीता फोगाट ने कहा है कि बॉलिवुड में उभरते सितारों को नशे की लत डाली जा रही है और सांसद पूर्व ऐक्ट्रेस जया बच्चन को थाली की चिंता है। मशहूर ऐक्टर और अब गोरखपुर से सांसद रवि किशन ने लोकसभा में देश के जवानों को ड्रग्स से बचाने की अपील की थी। सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद ड्रग्स कनेक्शन में बॉलिवुड के कुछ नाम सामने आए हैं, जिसके बाद से इस मामले की गूंज संसद में भी सुनाई दी। इतना ही नहीं, मंगलवार को लोकसभा सांसद रवि किशन और राज्यसभा सांसद जया बच्चन के बीच बयानबाजी देखने को मिली। इस बीच बबीता फोगाट ने भी सोशल मीडिया पर अपनी राय रखी।